**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 28.10.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना तिन्दवारी की मिशन शक्ति टीम द्वारा कुरसेजा धाम मेले में गुम हुए 03 वर्षीय बच्चे को 02 घण्टे के भीतर परिजनों का पता लगाकर सकुशल किया गया सुपुर्द।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन मुस्कान" के क्रम में आज दिनांक 28.10.2025 को थाना तिन्दवारी की मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मेले गुम हुए एक 03 वर्षीय बच्चे को सकुशल बरामद कर परिजनों को किया गया सुपुर्द। गौरतलब हो कि आज दिनांक 28.10.2025 को थाना तिन्दवारी की मिशन शक्ति टीम द्वारा जागरुकता अभियान के दौरान मेले में एक 03 वर्षीय बच्चा मिला। पुलिस टीम द्वारा बच्चे तथा आस-पास के लोगों से पूछताछ कर बच्चे के परिजनों का पता लगाया गया। जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि बच्चा थाना तिन्दवारी क्षेत्र के ग्राम सेमरी का रहने वाला है, तथा अपनी मां के साथ मेला घूमने आया था, मेला घूमते समय कही गुम गया था। पुलिस टीम द्वारा बच्चे को सकुशल उसकी मां को सुपुर्द किया गया। परिजन ने पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद दिया।

**पुलिस टीम का विवरण-**

1. चौकी प्रभारी कुरसेजा म0उ0नि0 सुश्री रोशनी सेंगर
2. म0कां0 ज्योति शुक्ला
3. कां0 देवांश
4. कां0 आशीन